तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025




13 गरियाबंद के दर्जनों गांव में लालटेन युग, आदिवासी हैं...



14 बारिश से पहले क्षतिग्रस्त स्टाप डेम की मरम्मत नहीं...








## नवरात्रि विशेष

### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की



तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# पं. सुंदरलाल और दीनदयाल चौक बना डेंजर प्वाइंट, घुमावदार होने से हादसे का ग्राफ बढ़ा

**समस्या : सड़क पर मावेशियों का कब्जा, हटाने नगर पंचायत अमला नहीं दे रहा ध्यान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

रायपुर-देवभोग-उड़ीसा हाइवे 130 पर महानदी की आड़ में राजिम और नवापारा दो शहर है। इन दोनों शहर के प्रमुख चौक पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक जहां से होकर रोज छोटी-बड़ी गाड़ियां, मालवाहक वाहन और यात्री बसें सैकड़ों की संख्या में गुजरती हैं। दोनों चौक एक तरह से डेंजर प्वाइंट बन चुका है जहां रोज कुछ न कुछ घटना-दुर्घटना होती है। नवापारा का यह चौक घुमावदार जरूर है मगर चौड़ी है। वहीं राजिम का चौक काफी सकरा है जहां पर हमेशा भीड़ रहती है। लावारिश मवेशियां पूरे सड़क भर जहां-तहां बैठी नजर आती है। इसी चौक से राजिम-रायपुर के लिए मिनी बसे चलती है। स्टैंड से छुटती है तो उनके कछुआ चाल के कारण दूसरी वाहनों को पीछे-पीछे चलना पड़ता है। वे सवारी बैठाते चलती हैं और बीच सड़क पर खड़ी करते है। सबसे ज्यादा दादागिरी महासमुंद मार्ग में चलने वाले ड्रायवरों की रहती है। स्टैंड से छुटने के बाद वे पंडित सुंदरलाल शर्मा चौराहे में भी गाड़ी को रोककर बिल्कुल धीरे-धीरे बढ़ते है तब तक आने जाने वाली दिगर गाड़ियों को कितनी परेशानी होती है इसे बंया करना मुश्किल है। पुलिस आखिर सख्ती करती क्यो नहीं ये समझ से परे है? कम से कम इतनी ही अव्यवस्था को सुधार दे। इसके अलावा गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर मार्ग पर सड़कों के बीचों बीच लावारिश मवेशी बैठे नजर आते है इस पर भी नगर पंचायत के अमला का ध्यान नहीं जाता। इन दोनों शहर में आसपास के पचासों गांव के लोग रोज खरीददारी करने आते है। उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



### रायपुर से गरियाबंद-मैनपुर-देवभोग जाने का एक मात्र मार्ग

रायपुर से गरियाबंद-मैनपुर-देवभोग जाने के लिए नवापारा राजिम से होकर ही एक मात्र सड़क मार्ग है। नवापारा का पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक से चंपारण, कुरुद, धमतरी, अभनपुर, रायपुर, आरंग, मगरलोड के लिए यात्री जाते है। राजिम के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग, महासमुंद के लिए हजारों वाहन गुजरते है। यात्री वाहन, मालवाहक, चारपहिया, दुपहिया वाहन रोज इन दोनों चौक से होकर गुजरती है।

### गुजरते हैं हजारों वाहन

दोनों नगर की पहचान व्यावसायिक एवं समृद्ध नगर के रूप में है। नवापारा नगर में व्यवसाय पर आसपास के 100 से अधिक गांव निर्भर है। कपड़ा, सोना चांदी, किराना एवं मनियारी का व्यवसाय उड़ीसा राज्य तक फैला हुआ है। राजिम की ख्याति छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे राज्य, देश एवं विदेशों तक फैली हुई है। राजिम का त्रिवेणी संगम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाता जाता है। भगवान श्री राजीव लोचन एवं त्रिवेणी संगम पर कुलेश्वर महादेव विराजमान है। अस्थि विसर्जन एवं मृतात्मा की शांति पूजा के लिए रोज लोग राजिम आते है। आस्था, पर्यटन, प्राकृतिक सुंदरता एवं व्यापारिक दृष्टिकोण से नवापारा-राजिम क्षेत्र की अलग ही पहचान है। नवापारा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर यातायात का बहुत ज्यादा दबाव है। इस चौक से रोज हजारों की संख्या में वाहन गुजरते है।

# बकली में जल संकट को लेकर पीएचई को ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम बकली में पिछले एक महीना से अधिक का समय हो गया है जल संकट छाया हुआ है। हर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिसके कारण गांव के लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बकली की जनता बस इसी उम्मीद में बैठी है की मेरे घर आज आयेगा पानी कल आयेगा पानी लेकिन उनकी उम्मीद धरी के धरी दिख रहा है। पानी की समस्या को देखते हुए नवनिर्वाचित जनपद सदस्य पूजा-मुकेश भारती ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजिम पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए पानी की समस्या का निराकरण करने आग्रह किया। मुकेश भारती ने बताया कि ग्राम पंचायत बकली एक बड़ा आबादी वाला गांव है जिसमें जल पूर्ति के लिए दो टंकी बनाकर घर-घर पानी पहुंचा रहे है किंतु जैसे गर्मी बढ़ रहा है तो जल का स्तर नीचे चला गया है जिससे टंकी में पानी नही भर पा रहा है। हम ग्रामवासी चाहते है कि एक अच्छी जल स्तर वाली जगह देख कर एक और बोर पंप खनन कर दिए जाए जिससे टंकी में पानी जल्दी से भर जाएं तब जाकर हर घर तक पानी पहुंच पाएगा और गांव की बड़ी समस्या का निराकरण होगा। विभाग के अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जैसे ही शासन द्वारा हमारे विभाग में टारगेट आयेगा हम आपके ग्राम की समस्या को प्राथमिकता देते हुए बोर पंप खनन करेंगे। मुकेश भारती ने कहा कि यह समस्या यदि जल्दी निराकरण नही हुआ तो जनता अपना धैर्य खो बैठेगी। प्रतिनिधि मंडल में पंच रामकुमार मिरी, संतराम मीरी, ताम्रध्वज बंजारे, रेवा खुटे, राजेंद्र मीरी, रजिन सतनामी, समयलाल आदिल, टिकेश आदिल, लक्ष्मण भारती शामिल थे।






# धवलपुर में चला बुलडोजर, पांच एकड़ कब्जा मुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

तहसील गरियाबंद अंतर्गत ग्राम धवलपुर में राजस्व विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए गुरुवार को शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को बुलडोजर चलाकर हटाया। इस कार्यवाही में लगभग 5 एकड़ शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम धवलपुर में शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से दुकानें बनाई जा रही थीं और अवैध घेरा भी किया गया था। इसकी शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की योजना बनाई।

- तहसीलदार के मौजूदगी में कार्रवाई

तहसीलदार मयंक अग्रवाल और नायब तहसीलदार डोनेश साहू के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम धवलपुर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा बनाए जा रहे दुकानों और अवैध घेरों को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। तहसीलदार मयंक अग्रवाल ने बताया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी और जो भी शासकीय संपत्ति पर अतिक्रमण करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यवाही से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और राजस्व विभाग की इस पहल की सराहना की है। मुक्त कराई गई इस शासकीय भूमि का उपयोग अब सार्वजनिक हित में किया जा सकेगा। इस पूरी कार्यवाही के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।




## खबर संक्षेप



### मैनपुर क्षेत्र में तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले की मैनपुर क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर के बाद मौसम का मिजाज एकदम बदल सा गया।



देखते ही देखते तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। कुछ देर बारिश के बाद देर शाम तक झड़ी लगी रही है, जिससे मौसम सुहाना हो गया है। बारिश शुरू होते ही दोपहर से नगर सहित क्षेत्र के 50 से ज्यादा जगहों पर बिजली बंद हो गई है। आंधी के साथ बिजली बंद हो जाने से नगर व क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश व विद्युत गुल होने से देर रात तक लोग परेशान रहे।

### दान दाताओं का सम्मान करेंगे मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** नयी पीढ़ी को दान के महत्व से अवगत कराने दान का महत्व बताने दानदाताओं का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री, रायपुर दक्षिण विधायक व रायपुर महापौर की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा पुरानी बस्ती स्थित नवनिर्मित दाऊ अग्रवाल भवन में सम्मान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी को अपने पूर्वजों के दिए दान के बारे में या तो जानकारी कम है या बिल्कुल भी नहीं पता है। आज भौतिकवादी युग के पीछे भागते युवा को शायद यह नहीं पता है कि उनको उनके पूर्वजों ने आज की कीमत के हिसाब से 1000 करोड़ से ऊपर की संपत्ति दान की और अपने शहर और समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल आदि के लिए अस्पताल कॉलेज तालाब और कुआं का निर्माण करवाया। 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन के दाऊ अमृष कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल भवन में सम्मान के माध्यम से उन लोगों को सामने लाने का भी प्रयास किया जा रहा है, जो वर्तमान में भी धर्म सेवा के बड़े-बड़े कार्य कर रहे हैं।

### नाला में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला

**रायपुर।** जोन 9 की काऊ कैचर टीम ने जन शिकायत पर संज्ञान लेते हुये एक्सप्रेस वे नाला में गिरे बछड़े को थ्रीडी मशीन की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला। जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर जोन स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में जन शिकायत का निवारण किया गया। वार्डवासियों ने जोन 9 की काऊ कैचर टीम के इस कार्य को सराहा है।

### युवा कांग्रेस ने प्याऊ खुलवाने निगम को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** निगम क्षेत्र के प्रत्येक जोन में भीड़ वाले इलाकों में पीने के स्वच्छ एवं ठंडे पानी के लिए प्याऊ खोलने उत्तर विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नवाज खान ने निगम कमिश्नर को ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया। महंगाई का दौर है, पीने के पानी की बोतल आम आदमी की पहुंच से ऊपर है, ऐसे में मेहनतकश और राहगीरों के लिए निगम को जगह-जगह प्याऊ खोलने चाहिए। साथ ही व्यापारी समितियों से कहकर भी हर जगह पीने के पानी का इंतजाम निगम प्रशासन को करवाना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रुचिर दुबे प्रदेश सचिव, सानू रजा, राहुल तिवारी, जिला महासचिव सत्तार चौहान, अक्कु नाग, गुप्ता, अब्दुल मलिक खान, शेख असलम खान आदि सदस्य उपस्थित थे।

### सचिवालय सेवा अफसरों के तबादले

**रायपुर।** सचिवालय सेवा के तीन अनुभाग अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। प्रगति जोशी को जेल विभाग से चिकित्सा शिक्षा विभाग, मेरीराज कुजूर को स्कूल शिक्षा विभाग से जेल विभाग, वंदना भारती को जल संसाधन विभाग से मुख्यमंत्री सचिवालय में स्थानांतरित किया गया है।

# हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत, लिवर की बीमारी में वृद्धि की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नवजात शिशुओं सहित हाई रिस्क श्रेणी के लोगों को संक्रमण से बचाने वाले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत हो गई है। इसकी वजह से लिवर से संबंधित विभिन्न रोगों के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका जताई जा रही है। एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने वैक्सीन की वजह से भविष्य में होने वाली परेशानी पर चिंता जताई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर समस्या दूर करने की मांग की है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं महासचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि यह वैक्सीन हेपेटाइटिस-बी से होने वाले संक्रमण को रोकती है, जो लिवर को प्रभावित करता है। यह समस्या ज्यादा दिनों तक रहने पर कैंसर जैसी गंभीर समस्या का कारण बन जाता है। यह वैक्सीन नवजात शिशुओं, हेल्थ वर्करों के साथ पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को लगाई जाती है। स्वास्थ्य से संबंधित मामले में यह वैक्सीन काफी महत्पूर्ण है, जिसकी किल्लत हो रही है। वैक्सीन की कमी जारी रहती है, तो छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत में क्रोनिक लिवर रोग और लिवर कैंसर के मरीजों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा सकती है। ये दोनों बीमारियां उच्च मृत्यु दर के साथ प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियां हैं, जिनका एक प्रमुख कारण हेपेटाइटिस बी है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन उत्पादन और वितरण में तेजी लाने, कमज़ोर और उच्च जोखिम वाले समूहों तक वैक्सीन की पहुंच को प्राथमिकता देने जैसे उठाये गए कदमों की मदद से इस समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला और खाद्य एवं औषधि नियंत्रक को पत्र लिखकर इसका तत्काल समाधान निकाले जाने पर बल दिया है।

## एएचपीआई अध्यक्ष ने जताई चिंता, स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को भेजा पत्र

### केंद्रीय स्तर पर हो चुकी पहल

डा. राकेश गुप्ता ने बताया हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की देशभर में हो रही किल्लत के बाद पिछले महीने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भी अगवत कराया जा चुका है। एएचपीआई के राष्ट्रीय डायरेक्टर जनरल डा. गिरिधर ज्ञानी ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री को इसकी जानकारी देकर वैक्सीन की कमी दूर करने का निवेदन किया था।




### शिविर लगाकर वैक्सीनेशन

रायपुर जिले में कुछ माह पहले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन लगाने के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाया गया था। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा, केंद्रीय जेल में रहने वाले बंदियों के साथ थर्ड जेंडर के लोगों को वैक्सीन लगाया गया था। वैक्सीन लगाने के लिए तय गाइडलाइन के अनुसार हाई रिस्क ग्रुप के लोगों का चुनाव किया गया था।

# अनुपस्थित मिले जोन 2 के 24 कर्मचारी 1 दिन का कटेगा वेतन

- लेखापाल से लेकर सहायक राजस्व अधिकारी, रिकार्ड कीपर तक शामिल
- निगम का निगरानी सिस्टम फेल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बुधवार को जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर सुबह 10 बजे कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 24 कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित मिले। अब इन कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन काटा जाएगा। जोन 2 कमिश्नर ने जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोन कार्यालय में 24 कर्मचारी समय पर अनुपस्थित पाये गये, जबकि उनका फील्ड में कोई कार्य नहीं रहता। इन कर्मचारियों के एक दिन के वेतन कटौती का आदेश जोन कमिश्नर ने जारी किया है।

इन कर्मचारियों में सहायक राजस्व अधिकारी स्वाती शुक्ला, सहायक ग्रेड 01 अखिलेश भगत, लेखापाल लवली पाण्डेय, रिकार्ड कीपर रोमा तिवारी, राजस्व उप निरीक्षक अनिता गुप्ता, अब्दुल सत्तार, तपेश कश्यप, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र गेंडरे, सहायक राजस्व निरीक्षक फैजान अंसारी, विनय सोनी, धनेश यादव, नरेन्द्र नायक, माधव प्रसाद अवधिया, लोचन बघेल, वंदना बेसरे, भृत्य कर्मचारी भीखम दास वैष्णव, श्याम लहरी, शिवशंकर शर्मा, प्लेसमेंट विद्युतकार, महेश निषाद, संजय यादव, राजेश बागड़े, प्लेसमेंट हेल्पर कर्मचारी ओमप्रकाश साहू, योगेश साहू, शैलेश टंडन शामिल रहे।

## मंदिर की करोड़ों रुपए कीमत की जमीन का फर्जीवाड़ा किए जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

# चंगोराभाठा के लोगों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा स्थित महादेव मंदिर की करोड़ों रुपए की जमीन के फर्जीवाड़ा का मामला अब जोर पकड़ने लगा है। क्षेत्र के रहने वाले 100 से अधिक पुरुष एवं महिलाओं ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना संगठन के नेतृत्व में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर दिया। इस घेराव के दौरान प्रदर्शनकारी कलेक्टर से मिलने की इच्छा जताई, लेकिन प्रदर्शनकारियों की संख्या सौ से ज्यादा होने के कारण सभी लोगों को मुख्य गेट के बाहर ही पुलिस बल द्वारा रोक दिया गया। इधर प्रदर्शनकारियों की मांग सुनने के लिए कुछ अधिकारी उनसे मिलने भी पहुंचे थे, लेकिन सभी कलेक्टर से ही मिलने पर अड़े रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर से मिलाने की भी बात कहीं गई, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और गेट के बाहर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करते रहे। इस तरह समझाईश देने के बाद भी जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस बल द्वारा सभी को गिरफ्तार कर बसों में बैठाकर अलग-अलग थाने परिसर ले गए, जहां कुछ घंटे रखने के बाद दो प्रदर्शनकारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें जेल भेज दिया, वहीं अन्य सभी को समझाइश देकर रिहा कर दिया है।

### 100 से ज्यादा गिरफ्तार-रिहा, दो जेल भेजे गए



### धारा 151 के तहत दो को जेल भेजा

कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने के मामले में सभी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग थाना परिसर में कुछ समय तक रखा गया था। इस दौरान दो लोग जो लोगों को प्रदर्शन करने के लिए उकसा रहे थे, उनके खिलाफ धारा 151 के तहत अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया है। अन्य प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी गई है।

**- रोहित मालेकर,** टीआई सिविल लाइन

### जांच अधिकारी के खिलाफ कलेक्टोरेट में पर्चा भी बांटे गए

*कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के कुछ दिनों पूर्व छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संरक्षक दादा ठाकुर रामगुलाम सिंह ने अपने संगठन के कुछ सदस्यों के साथ एक पर्चा भी कलेक्टोरेट में बांटा था। इस पर्चे में लिखा गया था कि जमीन का फर्जीवाड़ा की जांच कर रहे अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर पर भी आरोप लगाया गया था उनके द्वारा शिकायतकर्ताओं का बयान नहीं लिया गया है तथा जांच में क्या पाया गया है, इस संबंध में पूछने पर भी उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।*

### लोगों का कहना- दान में दी गई थी जमीन

*कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों में मोहन साहू, धीरेंद्र साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि चंगोराभाठा स्थित तालाब के पास महादेव मंदिर की 4 एकड़ 40 डिसमिल जमीन ब्राम्हणपारा निवासी गोबिन्धर दीवान द्वारा करीब 40 साल पहले दान में दी गई थी। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी जयलालपुरी ने राजस्व अधिकारियों से मिली भगत करके जमीन पर कब्जा कर उसे अपने नाम पर रजिस्ट्री कराकर किसी अग्रवाल परिवार को बेच दिया है। इस मामले में पूर्व में भी कई बार कलेक्टर एवं तहसील कार्यालय में आवेदन देकर जांच की मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी इस मामले में कोई जांच नहीं कर इसे दबाया जा रहा है, जबकि यह जमीन गांव वालों के उपयोग के लिए दान में दी गई है।*

# उजाड़ पड़ा विद्याचरण शुक्ल चौक, झीरम घाटी की चित्रण वाली एलईडी नदारद




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के बैरनबाजार क्षेत्र स्थित पंडित विद्याचरण शुक्ल चौक के पास झीरम घाटी के शहीदों की स्मृति में चौक का सौंदर्यीकरण कर वहां आकर्षक एलईडी स्क्रीन लगाई गई, जिसमें झीरम घाटी की घटना का जिक्र किया गया। साथ ही चौक में छोटे-छोटे गुंबद लगाये गये, साथ ही रंगीन रोशनी का प्रबंध किया गया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 30 लाख की लागत से अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से यह कार्य करवाया, पर अब यह चौक उजाड़ पड़ा है। जहां पहले शाम होते ही बड़े स्क्रीन पर झीरम घाटी में शहीदों की स्मृति का चित्रण देखने को मिलता था, वह स्क्रीन स्थल से गायब है। राजधानी के अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता विवेक तनवानी ने कहा है कि पंडित विद्याचरण शुक्ल चौक में हुये निर्माण कार्य की जाचं तकनीकी विशेषज्ञों से कराई जाये। उनका ये भी कहना है कि सौंदर्यीकरण को लेकर 30 लाख की लागत रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बताई गई है। साथ ही यह कहा गया है कि रायपुर नगर निगम इसका रखरखाव कर रहा है। श्री तनवानी ने कहा कि निर्माण कार्य लागत 5 लाख से ज्यादा नहीं हो सकती। इसकी जांच कराई जाये। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव, निगम आयुक्त को शिकायत की प्रतिलिपि भेजी है।

# वक्फ संशोधन बिल का स्वागत, घड़ी चौक पर आतिशबाजी, बांटी मिठाइयां




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को राजधानी के नगर घड़ी चौक पर संसद में प्रस्तुत वक्फ बोर्ड संशोधन का आतिशबाजी करके स्वागत किया गया। इसे गरीब मुस्लिमों के हित में उठाया गया एक ऐतिहासिक व क्रांतिकारी कदम बताते हुए मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू को बधाई दी। इस मौके पर मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने 'न दूरी है, न खाई है-मोदी हमारा भाई है' के नारे लगाकर मिठाइयां भी बांटी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि आज जो वक्फ़ संशोधन बिल लाया गया है, उससे घोटालों पर कड़ी रोक लगेगी और जो अवैध कब्जाधारी हैं, उन पर लगाम लगेगी। ये अवैध कब्जाधारी अरबों रुपए की संपत्तियों पर सालों से अतिक्रमण करके बैठे हुए हैं।

### संशोधन विधेयक में न्यायाधिकरण शक्तियों में वृद्धि

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक के जरिए बोर्ड के न्यायाधिकरण की शक्तियों में वृद्धि की जा रही है। वक्फ़ संपत्तियों का डिजिटलिकरण किया जा रहा है ताकि डॉक्यूमेंट मजबूत हों। इसी प्रकार प्रतिवर्ष ऑडिट का प्रावधान किया गया है। बोर्ड में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की भी नियुक्ति की जा रही है।

### ये थे मौजूद

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मखमूर इकबाल खान, प्रदेश प्रवक्ता तौकीर रजा, प्रदेश उपाध्यक्ष असगर अली, रजिया खान, शेख निजाम, गुलाम गौस खान, आरिफ नियाजी, इजराइल खान सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

# बॉलीवुड सिंगर, परिजनों के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

इंडिया टैलेंट हंट शो तथा बॉलीवुड की प्लेबैक सिंगर एश्वर्या पंडित तथा उनके परिजनों के खिलाफ मुजगहन थाने की पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्लेबैंक सिंगर के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज किया है। एश्वर्या पर आरोप है कि उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर किराए के मकान का ताला तोड़कर 11 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। तपन दास की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी तथा परिजनों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज की है। तपन ने पुलिस को बताया है कि 19 जनवरी 2023 को एक बच्चे को जन्म दिया था। बच्चा जन्म देने के बाद वह बच्चे की सही ढंग से देख रेख नहीं कर रही थी। साथ ही अपने मायाका जाने की जिद करने के साथ तपन के परिजनों के साथ विवाद करती थी। इसके कारण तपन सद्दानी दरबार के पास अलग से किराए का मकान लेकर रहने लगा। इस दौरान तपन को किसी काम से अपने मूल ग्राम गरियाबंद जाना पड़ा। तपन की अनुपस्थिति में एश्वर्या ने एक सितंबर 2023 को अपने परिजनों के साथ मिलकर मकान का ताला तोड़ कर मकान के अंदर रखे सामान के साथ सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गई।

# राजनीति जनता की सेवा के लिए है शानदार प्लेटफार्म : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम



राजिम विधानसभा क्षेत्र के दो वरिष्ठ नेताओं को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सत्ता में भागीदारी देने निगम का अध्यक्ष बनाया है। जिसमें एक चंदूलाल साहू है जिसे छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम का अध्यक्ष और दूसरा नेता संदीप शर्मा है जिसे छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग का अध्यक्ष बनाया है। देर रात ये खबर सोशल मीडिया पर चलने लगा था। चंदूलाल और संदीप शर्मा के शुभचिंतक व भाजपा कार्यकर्ता लगातार बधाई देने लगे थे। यह सिलसिला रात 2 बजे तक चलता रहा। सुबह होते ही राजिम स्थित चंदूलाल साहू के निवास में बधाई देने वालो का तांता लग गया जो देर शाम तक जारी रहा। बधाई देने वालो में राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व अध्यक्ष रेखा- जितेंद्र सोनकर, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,भाजपा नेता लखन लाल सिन्हा, विक्रम मेघवानी,नवापारा के भाजपा नेता किशोर देवांगन, अशोक गंगवाल, रमेश पहाड़िया, श्यामकिशोर शर्मा, कामेश्वर गोस्वामी, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कड़रा,लोकनाथ साहू,पन्नालाल साहू, किशोर साहू, फिंगेश्वर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जगदीश यदु सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। बता दें कि इन दिनो समूचे देश सहित राजिम क्षेत्र में नवरात्रि का पर्व बहुत ही खुशी और उल्लासमय वातावरण में चल रहा हैं। इस दौर में श्री साहू एवं श्री शर्मा को शासन में भागीदारी बनाकर निगम आयोग का अध्यक्ष पद पे बिठाया गया है इसे देवी मां की कृपा माना जा रहा हैं। श्री साहू एवं श्री शर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे क्षेत्र और जिले में खुशी का माहौल है।

## प्रतिनिधिमंडल ने महापौर मीनल चौबे से की मुलाकात

# कैट ने दिये शहर में नए फुटकर बाजारों की स्थापना के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रायपुर के पारंपरिक बाजारों के विकास, शहर में नये फुटकर बाजारों की स्थापना करने सहित अन्य बिंदुओं पर सुझाव दिये।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र के पारंपरिक बाजार नगर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जहां लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारी अपनी आजीविका के साथ अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं। ये बाजार निम्न एवं मध्य वर्गीय जनता के



लिए आवश्यक वस्तुओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित कराते हैं, पर वर्तमान में ये बाजार अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं, जिसके कारण पारंपरिक व्यवसाय करने वाले व्यवसायी संकट में हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन प्लेटफार्म एवं मॉल की ओर रुख कर रहे हैं, इससे राज्य सरकार के राजस्व में भी गिरावट आ रही है। इसीलिए इन बाजारों को नया स्वरूप दिया जाये।

### सुझाव दिये जो इस प्रकार हैं : -

- बाजारों में पक्की सड़कों एवं सुदृढ़ जल निकासी प्रणाली का निर्माण।
- सुव्यवस्थित यातायात एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था।
- अग्निशमन की समुचित व्यवस्था, क्योंकि वर्तमान में अधिकतर पारंपरिक बाजारों में दमकल वाहन प्रवेश नहीं कर सकते।
- बाजारों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- बिजली की खुली तारों को भूमिगत करना औरपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने लाइट्स तथा मुख्य चौराहों पर हाईमास्क लाइट लगवाई जाए।
- स्वच्छता व्यवस्था को नियमित एवं प्रभावी बनाना।
- व्यवस्थित रिटेल बाजारों की स्थापना।
- सार्वजनिक शौचालयों एवं जनसुविधा केंद्रों का निर्माण।
- यूजर चार्ज की समीक्षा।
- ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना।

महापौर मीनल चौबे ने कैट प्रतिनिधिमंडल के सुझावों का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर शहर पारंपरिक बाजारों के पुनरुद्धार एवं व्यापारिक विकास के लिए आश्वासन दिया।

# कविताओं के जरिए सिखाएंगे मातृभाषा पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा लोक साहित्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित देशभर के बच्चे कविता के माध्यम से अपनी मातृभाषा को जानेंगे। लुप्त हो रहे लोक साहित्य को भी इसके माध्यम से सहेजने का कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। इसे 'बालपन की कविता' नाम दिया गया है। इस प्रतियोगिता में कोई भी हिस्सा ले सकता है। लोगों को स्थानीय भाषाओं में रचित कविताएं प्रेषित करनी होंगी। वे स्वरचित कविताएं भी इस प्रतियोगिता में भेज सकते हैं अथवा किसी अन्य



साहित्यकार द्वारा रचित लोक कविताएं भी भेजी जा सकती हैं।

शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय संदर्भ के लिए प्रासंगिक सामग्री पर फोकस करते हुए सभी भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में नर्सरी कविताओं का एक संग्रह तैयार करने के लिए यह स्पर्धा प्रारंभ की गई है। इस पहल का मकसद यह है कि छोटे बच्चे अपनी मातृभाषा में आसानी से समझ में आने वाली और आनंददायक कविताओं के जरिए अपने आसपास की दुनिया से परिचित होकर जीवन के शुरूआती दौर में बेहतर सीख हासिल कर सकें।

### तीन श्रेणियों में विभाजित होगी कविता

इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी तीन श्रेणियों के अंतर्गत लोकसाहित्य में प्रचलित मौजूदा कविताएं भेज सकते हैं। प्रथम श्रेणी प्री-प्राइमरी की रखी गई है। इसमें 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के लिए कविताएं भेजनी होंगी। दूसरी श्रेणी ग्रेड-1 की रखी गई है। इसमें 6-7 साल के बच्चों के लिए कविताएं भेजनी होंगी। वहीं तृतीय श्रेणी को ग्रेड-2 नाम दिया गया है। इस श्रेणी में 7-8 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रचनाएं शामिल रहेंगी।

खबर संक्षेप



### 15 फीट गहरे रपटा में गिरी मोटर साइकिलदो सवार बाल-बाल बचे

**मैनपुर।** क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव मार्ग में गुरुवार को दोपहर 3 बजे के आसपास मोटरसाइकिल और उसमें सवार दो युवक 15 फीट गहरे रपटा में नीचे गिर गए। हादसे में दोनों सवार बाल- बाल बचे, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टली।
मिली जानकारी के अनुसार गौरेगांव क्षेत्र से मोटरसाइकिल में सवार होकर दो युवक राजापड़ाव की तरफ आ रहे थे। तेज रफ्तार हाईवे से बचने के चक्कर में मोटरसाइकिल नाला में गिर गई। सवार तो बचे पर मोटर साइकिल के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। युवकों ने बताया तेज रफ्तार हाईवे को देखकर उन्होंने अपना बाइक नाले के किनारे कर दिया था। लेकिन अनियंत्रित हाईवे से बचने के लिए मोटर साइकिल के साथ रपटा के नीचे छलांग लगानी पड़ी, नहीं तो बड़ी दुर्घटना घट जाती।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में संगोष्ठी 4 व 5 अप्रैल को

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय 4 से 5 अप्रैल को जैव विविधता, हरित प्रौद्योगिकी और संधारणीयता के लिए कम्प्यूटेशनल नवाचार में प्रगति शीर्षक से एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन में देश के अग्रणी शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और छात्रों को एक साथ प्रतिभाग करेंगे ताकि जिससे इस क्षेत्र में स्थिर भविष्य के लिए नए समाधान तलाशे जा सकें। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमिटी विश्वविद्यालय, रायपुर (सीजी) के पूर्व कुलपति प्रो डॉ. आरके पांडे, विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध बोनसाई विशेषज्ञ डॉ. चंद्रलेखा पांडे, प्रो. डॉ. वरप्रसाद कोल्ला, एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एआईबी के निदेशक प्रो डॉ. अंजलि औधिया, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ सरकार, प्रो. डॉ. सुभाष श्रीवास्तव, आरसीईटी, भिलाई, छत्तीसगढ़ में पीएचडी सेल के प्रमुख प्रो. डॉ. आरके अग्रवाल, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ से सेवानिवृत्त प्रोफेसर उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम में माननीय कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एनके स्वामी और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास संगोष्ठी चर्चा परिचर्चा में सम्मिलित होंगे।

### गांवों में विकास कार्यों के लिए 112 लाख स्वीकृत

**अभनपुर।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत विधायक इन्द्रकुमार की अनुसंशा पर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र मे विभिन्न गांव के विकास कार्यो के निर्माण के लिए 112.58 लाख रूपये शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है सीसी रोड निर्माण ग्राम पंचायत पलौद मे 7.80



लाख,जुलुम मे 7.80 लाख,खट्टी 7.80 लाख,केन्द्री 7.80 लाख,गातापार 7.80,सलौनी 5.20 लाख, ठेलकाबांधा 5.20 लाख,कोलर 2.60 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है तथा ग्राम पंचायत गोतियारडीह मे व्यवसायिक परिसर के लिए 15 लाख रूपये,मोखला मे मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय शेड 4.79 लाख,केन्द्री मे मुक्तिधाम प्रतिक्षालय शेड 4.79 लाख एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र/सीएचसी भवन बनचरौदा 5 लाख,टीला 5 लाख,बिरोदा 5 लाख,सिंगारभाटा 5 लाख,छांटा 5 लाख,तर्रा 5 लाख आदि ग्रामो के लिए स्वीकृति मिली है।

## विड़बना : ओड़िशा की बिजली की चमक छत्तीसगढ़ के गांवों से दिखाई देती है

# गरियाबंद के दर्जनों गांव में लालटेन युग, आदिवासी हैं बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

आज कोई भी व्यक्ति बिजली के बगैर जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकता लेकिन छत्तीसगढ़ प्रदेश के गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ओड़िशा सीमा से लगे दर्जन भर से ज्यादा आदिवासी बहुल्य गांव पाराटोला ऐसे है जहां राज्य निर्माण के 25 वर्षों बाद भी बिजली की रोशनी नहीं पहुंची है और घनघोर जंगल के अंदर ग्रामीण अंधेरे में लालटेन के सहारे जीवन यापन करने मजबूर हो रहे हैं। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि ओड़िशा सीमा से लगे मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम गरीबा, कोदोमाली, गौरगांव और आसपास के दर्जनों ग्रामों से शाम होते ही ओड़िशा राज्य की बिजली की रौशनी दिखाई देती है लेकिन हमारे क्षेत्र के ग्रामों में आज तक बिजली नहीं लग पायी है।
ग्राम गरीबा से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर ओड़िशा प्रदेश के पहला ग्राम धरमपुरा पड़ता है जहां चकाचक बिजली की रौशनी शाम होते ही दिखाई देती है ठीक इसके विपरीत हमारे गरियाबंद जिले के अंतिम छोर में बसा एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों में आज तक बिजली नहीं लगाई जा सकी है जिसके कारण यहां के ग्रामीणों को रात के अंधेरे दूर करने के लिए आज भी चिमनी और लालटेन का सहारा लेना पड़ रहा है। कहने को तो इन ग्रामो में क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले सौर प्लांट लगाए गए हैं लेकिन अधिकांश ग्रामों में सौर प्लांट की स्थिति बेहद खराब हो गई है क्रेडा विभाग द्वारा देखरेख नहीं करने के कारण सौर ऊर्जा का लाभ ग्रामीणों को महज एक दो घंटा ही मिल पाता है उसके बाद पूरी रात ग्रामीण लालटेन या फिर अंधेरे में जीवन बसर करने मजबूर हो रहे है।

### इन गांवों में बिजली पहुंचने की उम्मीद जगी

हरिभूमि की टीम ने ओड़िशा सीमा से लगे बिजली विहीन ग्राम भुतबेड़ा, कुचेंगा, मोतीपानी, गरीबा, भाठापानी, कोदोमाली, साहेबिनकछार, नागेश, करलाझर, गौरगांव, लाटापारा, गरहाडीह आदि ग्रामों का जायजा लिया तो यहां के ग्रामीणों ने बताया की मैनपुर मुख्यालय से लगभग 35 से 40 किमी की दूरी पर ओड़िशा सीमा पर यह गांव या इनके पाराटोला बसा हुआ है जहां आज तक बिजली नहीं लग पाई है। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली लगाने की मांग को लेकर दर्जनों बार आंदोलन चक्काजाम तक कर चुके हैं सौर ऊर्जा लगाया गया है लेकिन उसकी स्थिति बेहद ही खराब हो चुकी है इस क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को लालटेन की रोशनी में पढ़ाई -लिखाई करना मजबूरी बन गया है। पंखा, कूलर, टीवी आज भी लोगों के लिए किसी सपने से कम नहीं है क्योकि बिजली की रौशनी के बगैर इन सुविधाओं का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया की अब छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार है और केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है साथ ही पड़ोसी राज्य ओड़िशा में भी भाजपा की सरकार है डबल इंजन की सरकार बनने से आदिवासी क्षेत्र के लोगों में बिजली की रौशनी गांव तक पहुंचने की उम्मीद बंधी हुई है।





### समस्या का नहीं हुआ समाधान

क्षेत्र के सरपंच दीनाचंद मरकाम, गोना के पूर्व सरपंच सुनील मरकाम, फरसुराम नेताम, मगन नेताम ने बताया क्षेत्र के लोगों ने बिजली लगाने की मांग को लेकर कई बार आंदोलन कर चुके है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया की पहले ओड़िशा में दूसरे पार्टी की सरकार थी और छत्तीसगढ़ में भी दूसरे पार्टी की जिसके कारण बिजली ओड़िशा से लाने में दिक्कत हो रही थी। ग्रामीणों का मामना है की अब केन्द्र में भी भाजपा की सरकार है छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है और तो और ओड़िशा में भी भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ के बिजली विहीन ग्रामों से आधा किमी दूर ओड़िशा के गांवों में बिजली लगा है इसलिए ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ के इन बिजली विहीन ग्रामो में बिजली पहुंचाई जायेगी।

### आंदोलन करेंगे

राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के बिजली विहीन ग्रामों में बिजली लगाने की मांग को लेकर कई बार आंदोलन चक्काजाम यहां तक की जिला मुख्यालय गरियाबंद तक पदयात्रा कर चुके है। उन्होने कहा की इन ग्रामों में बिजली लगाने के लिए आंदोलन की जरूरत पड़ेगी तो फिर आंदोलन किया जायेगा। श्री नेताम ने कहा की वे हमेशा से इस क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उनका संघर्ष जारी रहेगा।

**-संजय नेताम,** जिला पंचायत सदस्य

### आंदोलन करेंगे

बिजली विहीन ग्रामों में बिजली लगाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को स्वयं मांगपत्र सौंप चुका हूं और इन ग्रामों का सर्वे भी हो चुका है उम्मीद है इस दिशा में राज्य सरकार कोई ठोस कदम उठायेगी।

**-विधायक जनक ध्रुव,** विधायक बिन्द्रानवागढ़

# शक्ति और न्याय हमेशा सत्य व धर्म की रक्षा करते हैं : मिश्रा





**छुईहा।** ग्राम भैसातरा में देवी भागवत का गुरुवार को छठवें दिन की कथा सुनाई। व्यास पीठ से भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा बारूला वाले ने गुरुवार को कुष्मांडा देवी पुजा, महिषासुर चरित्र, देवी प्रगट की कथा कही गई। महाराज ने देवी भागवत पुराण कथा में महिषासुर चरित्र और देवी के प्रकट होने की कथा वर्णित में कहा देवी भागवत पुराण में महिषासुर को एक शक्तिशाली और घमंडी असुर के रूप में दर्शाया गया है, जिसने देवताओं को परेशान किया था। जब महिषासुर का अत्याचार चरम पर था, तब देवताओं ने देवी से प्रार्थना की और देवी ने प्रकट होकर महिषासुर का वध किया। देवी ने महिषासुर को मारने के लिए महिषासुर मर्दिनी रूप धारण किया था। त्रिभुवन मिश्रा ने कथा सार में कहा देवी भागवत पुराण की यह कथा हमें सिखाती है कि शक्ति और न्याय हमेशा सत्य और धर्म की रक्षा करते हैं. पंडित जी ने बताया कि देवी भागवत पुराण एक अत्यंत महत्वपूर्ण पुराण है, जिसका वर्णन सर्वप्रथम भगवान शिव ने महात्मा नारद के लिए किया था। उन्होंने बताया कि देवी भागवत पुराण का श्रवण और पाठ करने से सभी प्राणियों को पुण्य प्राप्त होता है। पंडित जी ने यह भी कहा कि देवी भागवत पुराण नवरात्रि में सुनने का विशेष महत्व है। उक्त आयोजन रजाऊ राम साहू, रूखमणी सा हू , फा फी , रा धा ,फूलबाई,भागी,रजनी, अर्जुन, पुनित, कार्तिक एवं भैसातरा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# देश में यादव समाज की अलग पहचान : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज परिक्षेत्र छुरा का वार्षिक अधिवेशन ग्राम कोसमबुड़ा में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। अधिवेशन की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज के प्रांताध्यक्ष डॉ. अजय यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, समाज के जिलाध्यक्ष, सरपंच आदि उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि व अधिवेशन में शामिल विशिष्ट अतिथियों का आयोजन समिति के द्वारा राउत नाचा के माध्यम से स्वागत किया गया। ततपश्चात्न फूल माला, स्मृति चिन्ह व शाल श्रीफल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि जो समाज की एकता और भाईचारा है वो कोसरिया यादव समाज को एक नई दिशा देगी। जिससे समाज की उन्नति, प्रगति और समाज हमेशा विकास की ओर बढ़ता रहेगा। इस अधिवेशन से यह पता चलता है कि समाज के जो प्रमुख, वरिष्ठ है वे समाज को आगे बढ़ाने में समाज को नया दिशा देने में किस प्रकार कार्य किये है और आने वाले समय मे समाज को किस प्रकार आगे बढ़ाना है, समाज को एकजुट व संगठित कर यादव समाज की भूमिका सहित अन्य समाज को आगे बढ़ाने में एकजुट करने में किस प्रकार होगा। यादव समाज का पूरे देश में संस्कृति और परम्पराओं के विकास में अलग ही पहचान है। उन्होंने समाज की मांग पर सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### विधायक ने सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की






### आपसी सहयोग से समाज का तेजी से होता है विकास

समाज के प्रदेशअध्यक्ष डॉ. अजय यादव ने कहा कि कोसरिया यादव समाज को आगे बढ़ाने का कार्य आप सभी का है। मानव समाज की सेवा के लिए यादव समाज हमेशा आगे रहते हैं जिस समाज में आपसी समरस्ता आपसी सहयोग एकजुटता होती है, उस समाज की प्रगति उस समाज का विकास तेजी से आगे बढ़ता है। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि कोसरिया यादव समाज का प्रतिनिधित्व सहयोग, लगातार मिलता आ रहा है चाहे वह विकास की बात हो, राजनीती की क्षेत्र हो, सामाजिक क्षेत्र हो, धर्मिक क्षेत्र हो निश्चित रूप से हर क्षेत्र में प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से हमे सहयोग मिलता आ रहा है। जिला पंचायत सदस्य लेखराज धुवा ने कहा कि चुनाव में आप सभी का यादव समाज का भरपूर सहयोग मिला, बहुत बड़ा अशीर्वाद मिला, सबके सहयोग से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुआ हूँ। मैं हमेशा आप सभी का ऋणी रहूंगा, ज्यादा से ज्यादा समाज का विकास और क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास करूंगा। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप पाण्डे, फिंगेश्वर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, महामंत्री प्रकाश सिन्हा, सोमनाथ यदु, रमन नामदेव, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, राजू साहू, लोकेश चंद्राकर, मानसिंह निषाद, दिशांक चंद्राकर, कूर्मि समाज जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि, यादव समाज के पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# सेवानिवृत्त पर थाना प्रभारी संतोष को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

पिछले दो साल से पिपरछेडी थाने में पदस्थ थाना प्रभारी संतोष साहू 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। उन्हें विदाई देने के लिए विभाग, पीपरछेडी थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम पटेलों और समस्त थाना क्षेत्र समस्त ग्रामवासियों ने समारोह आयोजन कर तीन दिन तक अलग-अलग भव्य विदाई साहू जी को दी गई। इस अवसर पर जिला के स्टाफ व थाना के समस्त स्टाफ ने फूल माला पहनाकर उन्हें विदाई दी और लोगों ने उनके बारे में अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके कार्यकाल की प्रशंसा की। पहला दिन एसपी सहित अपर पुलिस अधीक्षक और समस्त थाना प्रभारियों सहित पुलिस कर्मियों ने सह सम्मान विदाई देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। एसपी निखिल अशोक कुमार रखेचा ने कहा कि थाना प्रभारी अपने कार्यकाल में जिस क्षेत्र में जाते हैं, उस थाना क्षेत्र के हर लोगों से लगाव हो जाता है। वैसे ही सेवानिवृत्त संतोष साहू का हुआ है, वे अपने पदाधिकारी के आदेशों को पूरा करते हुए अपने कुशल कार्य का परिचय दिया। अपनी ड्यूटी के प्रति जो निष्ठा उन्होंने दिखाया है, जिस ईमानदारी व कर्मठता के साथ कार्य किया है, उनकी जितनी भी तारीफ की जाएं कम है। संतोष साहू ने अपने कार्य की छाप पुलिस विभाग में छोड़कर सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें लोग हमेशा याद करते रहेंगे। दूसरे दिन थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम पटेलों ने पीपरछेडी के रेस्टहाउस में भव्य विदाई समारोह रखकर सेवानिवृत्त टी आई संतोष साहू को तीर कमान भेंट कर सम्मानित किया गया। और कहा कि शांत सीधा,सरल स्वभाव के थाना प्रभारी संतोष साहू के कार्यकाल को हम लोगों कभी नहीं भुला सकते। इस मौके पर सभी ग्राम पटेलों ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर ग्राम पटेल अश्वनी वर्मा, शोभाराम, लोकराम यादव, सनद यादव, रूपसिग, भंवर सिंह, रामभरोसा, रोहिणी बाई दीवाना सरपंच, ईश्वर वर्मा, सरपंच विजय कृष्ण नागेश, हेमलता नागेश, तुलेश्वर ध्रुव, नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, रसेला के उपसरपंच परमेश्वर यादव, छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, खुमन साहू एस आई, डिगेश्वर साहू आरक्षक, पिपरछेडी थाने का स्टाफ अजय राजपूत, प्रहलाद ठाकुर, देवशरण नेताम, कविन सिन्हा, घनश्याम जांगड़े, कमलेश ध्रुव, युवराज ठाकुर सहित क्षेत्र के ग्रामीण व जन-प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## चंदूलाल ने संगठन के नेताओं से की मुलाकात...



**राजिम।** निगम में नियुक्ति होने पर चंदूलाल साहू गुरूवार को रायपुर भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा मण्डल राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जितेन्द्र पेंदरिया,युवराज साहू शामिल थे।

### गन्ना रस पीकर लोग कंठ को कर रहे तर

**फिंगेश्वर।** गर्मी के चलते लोगों के बीच शीतल पेय की जहां डिमांड बढ़ी है। वहीं पर गन्ना रस पीने के लिए लोग काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। गन्ना रस को लेकर नगर के किरण सोनी दुकान में दोपहर होते ही सड़कों पर आने- जाने वाले लोगों की भीड़ लगना प्रारंभ हो जाती है। गन्ना रस सेहत के लिए फायदे मंद हैं। गर्मी में गन्ना रस पीने लोग अपने परिवार के साथ दुकान मे पहुंच रहे हैं और अपने गला को तर कर रहे हैं।



# द्रोणिका के असर से छाए बादल, हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



रसेला। क्षेत्र में विस्तारित द्रोणिका ने मौसम बदल दिया है। द्रोणिका के असर से आसमान में बादल छाने लगे और शाम 4 बजे गरज के साथ बारिश हुआ। रसेला के सप्ताहिक बाजारों होने के चलते बाजारों में बरसात जैसा माहौल बन गया। मौसम के बदले सिस्टम के चलते बुधवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर में भी धूप अन्य दिनों की तुलना में काफी कम रही। वहीं तापमान भी 3 डिग्री गिरकर 38 डिग्री दर्ज किया गया। इससे गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है। मौसम विभाग ने 3 व 4 अप्रैल को प्रदेश के कई हिस्सो में तेज अंधड़ चलने के साथ बारिश की संभावना जताई है लेकिन इस सिस्टम का असर रसेला क्षेत्र में दिखाई दिया। क्षेत्र में हल्की बारिश दर्ज की गई है। 5 अप्रैल से तापमान में वृद्धि का क्रम फिर से शुरू होगा जो लगातार जारी रहेगा। मौसम विभाग ने अप्रैल में भी गर्मी रिकॉर्ड स्तर पर रहने की संभावना जताई है। ऐसे में लोगों को इस बार बीते साल से अधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी के लिहाज से अप्रैल के पहले सप्ताह ने बारिश कर गर्मी में तोड़ा राहत प्रदान कर दिया है। अप्रैल को बीते सालों से अधिक गर्म का संकेत दिया है। इस बार अप्रैल में ही तापमान का स्तर 45 डिग्री तक पहुंच सकता है इसकी प्रबल संभावना है।



## खबर संक्षेप



### राजिम अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने दशरथ

**राजिम।** राजिम अधिवक्ता संघ के चुनाव में कुल 77 मतदाता में से कुल 72 मतदाताओं ने अपना वोट दिया। निर्वाचन अधिकारी सुभाषचन्द्र शर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए दशरथ निषाद, उपाध्यक्ष हेमराज साहू,सचिव पद पर राजेश सिंह ठाकुर और कोषाध्यक्ष पद में घनश्याम साहू को विजयी घोषित करते हुए चुनाव सम्पन्न कराया। इन नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को वरिष्ठ अधिवक्ता रवि दीवान, घनाराम साहू,आनंदवर्धन ठाकुर, जयश्री सिंह, अनुशासन साहू, टीकम साहू, कमलनारायण साहू, महेन्द्र सोनी, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष अधिवक्ता महेश यादव एवं उनकी पत्नी अधिवक्ता स्नेहलता ने बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दशरथ निषाद ने कहा कि चुनाव में निश्चित मतभेद उत्पन्न होता है किन्तु लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव एक प्रक्रिया है हम सबको साथ मिलकर संघ के विकास, प्रगति के लिए कार्य करना है और मनभेद को भुलाकर हम सब साथ मिलकर कार्य करेंगे।

### शहीद सुखसिह दी गई श्रद्धांजलि



**मैनपुर।** ग्राम पंचायत मोहदा स्थित शहीद चौक पर अमर शहीद सुखसिह फरस की प्रतिमा पर उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में थाना मैनपुर से थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, पुलिस कैंप धवलपुर से थनवार ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, शहीद के परिजन फागुराम फरस, मांगीबाई फरस, तुकाराम फरस, लक्ष्यराज फरस, सेवन्तीन फरस, ग्राम पंचायत मोहदा के सरपंच हेमकुमारी नेताम, घटौद सरपंच दिनेश नेताम, जंगल धवलपुर सरपंच दिनेश ठाकुर, धवलपुर सरपंच तुलसी ध्रुव,जनपद सदस्य राधा नागेश, ममता मरकाम, पूर्व सरपंच महेंद्र सिंह नागेश, युवा कांग्रेस महासचिव यशवंत यादव, महामंत्री हेमलाल बारले, पूर्व जनपद सदस्य चंदा बारले, नुतन मरकाम, सरपंच प्रतिनिधि यशवंत नेताम,चंदन नागेश, प्राथमिक शाला खुर्शीडीह के शिक्षक पुनारद राम निषाद, राजेश यदु, शाला परिवार के सभी छात्र छात्रएं, युवा साथी मन्नूलाल नेताम, सामाजिक कार्यकर्ता हुमन सिंह नागेश, ओंकार यादव, हरिशंकर यादव, उपेन्द्र नागेश,महेश मरकाम, ग्राम पंचायत मोहदा के उपसरपंच प्रेमलाल मरकाम, मुकेश यादव, दयाराम यादव, लालसिंह मरकाम उपस्थित हुए।

### सक्षम दीक्षित ने जेईई मेन्स क्वालिफाई की

**छुरा।** सेजेस इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा के छात्र सक्षम दीक्षित ने जेईई मेन्स 2024 परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। उनकी इस उपलब्धि से उनके माता-पिता अजय कुमार दीक्षित और संगीता दीक्षित के साथ-साथ विद्यालय को भी गर्व महसूस हो रहा है। कक्षा 12 के छात्र सक्षम ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है, जो अन्य छात्रों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। विद्यालय प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा और शिक्षकों ने उन्हें इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### नवरात्र पर शीतला मंदिरों में जले अखंड ज्योत

**नर्रा।** चैत्र नवरात्र पर ग्राम परकोम समेत क्षेत्र के शीतला मंदिरों में आस्था के ज्योत जले। साथ ही जग जांवरा स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि के चतुर्थ और पंचमी एक साथ मनाया गया।

**समस्या : पिछले वर्ष बारिश में ग्रामीणों को रेस्क्यू कर निकाला गया था सुरक्षित**

# बारिश से पहले क्षतिग्रस्त स्टाप डेम की मरम्मत नहीं हुई तो आसपास के मकानों को पहुंचेगी क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर की नदी में सिंचाई विभाग द्वारा दो दशक पहले लाखों रुपए की लागत से स्टाप डेम का निर्माण किया गया है लेकिन स्टाप डेम का नीचले हिस्सा बारिश के पानी में टूटकर बह गया और अपने साथ किनारे में लगे हैण्डपंप को भी उखाड़ डाला है जिससे पेयजल की गंभीर समस्या मोहल्ले में उत्पन्न हो गई है, ज्ञात हो कि पिछले 4-5 वर्षों से मैनपुर नगर के नदी में बने स्टाप डेम धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होकर टुट गया और स्टाप डेम के क्षतिग्रस्त होने से बरसात के दिनों में बारिश का पानी का बहाव इतना तेज हो जाता है कि यह पूरा मोहल्ला पानी में भर जाता है। घरों के भीतर पानी घुस जाता है, पिछले दो वर्ष पूर्व तो रेस्क्यूं ऑपरेशन चलाकर कुछ ग्रामीणों को घरों से बाहर सुरक्षित निकाला गया था, कई बार नगर के लोगों ने सिचाई विभाग के अधिकारियों से इस टूट चुके स्टाप डेम की मरम्मत करने की मांग कर चुके है, लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा इसकी मरम्मत तो दूर अब तक इस ओर झांक कर देखना भी पंसद नहीं किया है जिसके चलते लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। अभी गर्मी के दिनों में इस क्षतिग्रस्त स्टाप डेम का मरम्मत किया जाना बेहद जरूरी हो गया है क्योकि यदि मरम्मत नहीं किया तो आने वाले बारिश के दिनों में स्टाप डेम के आसपास के मकानों को भारी क्षति पहुंचने की संभावना है।

- नहर नाली में मलबा पटने के कारण तालाब में नहीं भर पाया पानी

**बारिश के दिनों में दहशत में गुजरती रात-** स्टाप डेम मोहल्ले के लोगो को बारिश के दिनो में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है क्षतिग्रस्त स्टाप डेम का मरम्मत नही करने के कारण पानी का बहाव मकानों में टकराता है और अत्यधिक बारिश होने पर मोहल्ले के घरो में पानी भर जाता है दहशत में रात गुजरती है। बड़ी जोरदार बारिश होने पर रात भर मोहल्लेवासियों को रतजगा करना पडता है, इस मामले को लेकर मैनपुर के लोगों ने गरियाबंद पहुंचकर पूर्व कलेक्टर को मांगपत्र सौपकर क्षतिग्रस्त स्टाप डेम की मरम्मत कराने की मांग किया था तब तत्कालीन कलेक्टर प्रभात मलिक ने स्टाप डेम मोहल्ले का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग को तत्काल क्षतिग्रस्त स्टाप डेम मरम्मत कराने के साथ ही केनाल की सफाई कराने का निर्देश दिया था लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ। मोहल्ले के लोगों ने कहा की तत्काल इस टुट चुके क्षतिग्रस्त स्टाप डेम की मरम्मत करावाई जाए नहीं तो आने वाले बारिश के दिनों में बडी गंभीर दुर्घटना घटने की अंदेशा बनी हुई है।

**अब तक सिंचाई विभाग के पास कोई ठोस योजना नहीं**





**स्टाप डेम के किनारे का हैंडपंप भी बह गया**

स्टाप डेम पिछले 3-4 वर्ष के बारिश में कटाव बढ़ने के कारण स्टाप डेम के किनारे हैंडपंप भी बह गया। बारिश में स्टाप डेम के दोनों तरफ के पिल्हर पूरी तरह टूट गया और स्टाप डेम का निचला हिस्सा टूटकर बह गया इसके साथ ही स्टाप डेम के किनारे मोहल्ले का एक मात्र हैण्डपंप भी उखड़ गया है।

**नहर नाली में मलबा पट जाने के कारण तालाब सूखा**

मैनपुर स्टाप डेम से एक नहर नाली का निर्माण मैनपुर तालाब तक किया गया था और इस नहर नाली के माध्यम से स्टाप डेम का पानी दोनो तालाब में भरा जाता था जिसके कारण भीशण गर्मी के दिनो में मैनपुर के तालाब में आज से 3 वर्ष पहले तक लबालब पानी भरा रहता था लेकिन स्टाप डेम के क्षतिग्रस्त होते ही नहर नाली में मलबा भर गया कई बार मैनपुर के लोगो ने सिंचाई विभाग को नहर नाली की सफाई करवा कर फिर से निर्माण करने की मांग कर चुके है लेकिन इस ओर सिंचाई विभाग द्वारा ध्यान नही देने के कारण इस वर्श नहर नाली के माध्यम से तालाब में पानी नही भर पाने से फरवरी माह में मैनपुर के दोनो निस्तारी तालाब पूरी तरह सूख गया इसके लिए लोगो ने सिंचाई विभाग के स्थानीय अधिकारियो के उदासीन रवैये को जिम्मेदार मानते है जिन्हे कई बार निवेदन करने के बाद भी नहर नाली का मरम्मत नही किया गया और भीशण गर्मी में इसका खामियाजा मैनपुर नगर के लोग भुगत रहे है।

**मरम्मत की जाएगी**

मैनपुर क्षतिग्रस्त स्टाप डेम की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होने बताया इस वर्ष बारिश से पहले नहर की सफाई करवाई जायेगी साथ ही मरम्मत कराई जाएगी।

**-श्री सोनवानी एसडीओ,** सिंचाई विभाग

## घटारानी मंदिर में 225 ज्योति कलश स्थापित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

चैत्र नवरात्र पर्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र प्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केन्द्र एंव पर्यटन स्थल घटारानी में 225 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। जहां प्रतिदिन पुजारियों के साथ समीति के पदाधिकारियों, आंमत्रित अतिथि,आगन्तुक भक्त श्रद्धालु ,नेता, अधिकारी आरती में शामिल हो रहे हैं। और माता घटारानी का पुजा अर्चना कर अपने मनोकामना ज्योति दर्शन कर आशिर्वाद लाभ ले रहे हैं। वहीं राजिम विधायक रोहित साहू गुरुवार को घटारानी मंदिर दर्शन को पहुंचे। उन्होंने इस दौरान माता मंदिर में दर्शन-पूजन कर ज्योति स्थापना कक्ष में मनोकामना जोत का दर्शन किया। विधायक ने राजिम विधान सभा क्षेत्र के भक्तों को मानसिक शांति, शक्ति और समृद्धि प्राप्त होने की कामना किया। इस मौके पर समीति की ओर स्वागत किया जिसमें अध्यक्ष एवं सरपंच फुलझर संतोष दिवान, सचिव राजकुमार यादव, संरक्षण सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, हरिशचंद्र तारक, दुर्गाराम यादव खेलावन राम पटेल, डीहूराम साहू, जहुर राम दीवान, कुमार ध्रुव परमेश्वर दीवान, खेमूराम ध्रुव, हीराधर ध्रव, परमेश्वर गंधर्व उपस्थित थे।अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम छग पूर्व सांसद चन्दू लाल साहू बुधवार को घटारानी पहुंचे और संध्या वंदन आरती में शामिल हुए। और घटारानी माता से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया। समीति के सदस्यों ने चर्चा में बताया कि चन्दू लाल साहू घटारानी आरती में शामिल बाद उसी के कुछ घंटों में अध्यक्ष राज्य भंडार निगम पद की खुशियां की खबर आने लगी। समीति ने यह याद भी ताजा किया कि पहली बार विधायक की टिकट मिली था, इसके कुछ दिन पहले ही अपने राजदूत मोटर साईकिल से दर्शन करने को पहूंचे थे।चन्दलाल साहू के लिए इस यह संयोग लाभकारी सिद्ध हूआ है। जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू एंव भाजपा नेता ओमकार साहू घटारानी मंदिर पहूंचकर दर्शन किया। उन्होंने क्षेत्र वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और सबके लिए सुख समृद्धि की कामना की। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता चन्द्रशेखर साहू भी गुरुवार को घटारानी दर्शन करने पहुंचे।

- विधायक, पूर्व सासंद, जिला पंचायत सदस्य ने लिया दर्शन लाभ

## जिले में नगर पालिका का चला बुलडोजर, अब हाईवे होगा चौड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिला मुख्यालय में शनिवार को नगर पालिका ने सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई की। नगर पालिका के बुलडोजर ने शनि मंदिर से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर तक नेशनल हाईवे 130 सी के किनारे बनी अवैध दुकानों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का मुख्य कारण नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण बताया गया है। सुबह से ही नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) और गरियाबंद के तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम अतिक्रमण हटाने में जुटी रही। बुलडोजर ने एक-एक कर सड़क किनारे अवैध रूप से बनाई गई दुकानों को गिरा दिया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार अपनी दुकानों को टूटता देख बेबस नजर आए। टूटी हुई दुकानों के मलबे के बीच एक महिला ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी एकमात्र आजीविका का साधन था और दुकान टूटने से उनके परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इस मामले में जब नायब तहसीलदार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को पहले ही नगर पालिका के माध्यम से नोटिस दिया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि कार्रवाई से एक दिन पहले भी उन्हें चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसी कारण आज पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग और नगर पालिका ने मिलकर यह संयुक्त कार्रवाई की है। जिन दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गई हैं, उनके आगे की राह को लेकर पूछे गए सवाल पर नायब तहसीलदार ने कहा कि वे अपनी समस्या के लिए नगर पालिका में आवेदन कर सकते हैं। बहरहाल, नेशनल हाईवे 130 सी के चौड़ीकरण के मद्देनजर प्रशासन की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि, इस कार्रवाई से प्रभावित हुए छोटे दुकानदारों के भविष्य को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका इन प्रभावित लोगों को किस प्रकार की सहायता प्रदान करती है।



## मौसम बदला, राजिम में हुई रिमझिम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मौसम ने एक बार फिर करवट बदला। गुरूवार को सुबह देखते ही देखते आसमान पर बादल छाने लगे और दोपहर होते- होते हल्की बारिश होने लगी। हल्की बारिश का यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। बता दें कि माह अप्रैल के आरंभ में ही बार-बार बदलते मौसम के कारण मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। मौसम का असर सबसे ज्यादा छोटे बच्चों पर दिखने लगा है। होली के बाद लगातार तेज गर्मी के बाद मौसम में अचानक बदलाव आने के कारण तापमान में कुछ कमी आई है। अप्रैल के प्रारंभ में तापमान दो से तीन डिग्री कम हो गया है। बार-बार बदलते मौसम का सीधा प्रभाव लोगों के सेहत पर पड़ा है। बदलते मौसम का सबसे ज्यादा प्रभाव छोटे बच्चों पर हुआ है। मौसमी बीमारी बुखार, सर्दी, खांसी एवं गले में खरास की शिकायत बढ़ी है। नगर के अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बता दे कि मार्च में होली के बाद घरों में कूलर, एसी चालू हो गए थे। किंतु विगत दस दिनों में मौसम तीन बार बदल चुका है। आगामी दो से तीन दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। बारिश के होते तक लोग जहां-तहां सुरक्षित जगहो में खड़े हो गए। मौसम एक तरह से सुहाना हो गया है।



## नगर के थाना परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के थाना परिसर में पेवर ब्लॉक का भूमि पूजन हुआ। गुरुवार को छुरा के थाना परिसर में नगर पंचायत की तरफ से पेवर ब्लॉक का भूमि पूजन किया गया। इसमें नगर पंचायत के उपाध्यक्ष शमीम खान ने अपना पार्षद निधि का मद दिया जिससे थाना के सामने पूरे ब्लॉक लगाया जाएगा। इस भूमि पूजन में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद उपाध्यक्ष, अब्दुल समीम खान, पार्षद हरीश यादव, सलीम मेमन, बलराज पटेल, देव सिंह नेताम, चित्ररेखा ध्रुव, शांतनु देवांगन, गरिमा ध्रुव, पंच राम टंडन, रामजी दीवान, दीप्ति यादव और छुरा के प्रमुख नागरिक यशपेंद्र शाह, अब्दुल समद खान, रिजवी, राजू याद,व पार्षद यामीन खान और थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम उपस्थित थे।



**पैरी उद्गम भाटीगढ़ में पूजा अर्चना करने लगा श्रद्धालुओं का तांता**

## पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार, मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। देवी-मंदिरों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मां की भक्ति में सभी तल्लीन नजर आ रहे है। सुबह से देर शाम तक चारो ओर जसगीत माता सेवा और जय माता दी के जयकारे सुनाई दे रहे है। आज नवरात्र के पंचमी के अवसर पर मैनपुर नगर स्थित वन विभाग दुर्गा मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही यहां माता का श्रृंगार कर श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा अर्चना किया देर शाम आरती में भारी भीड़ रही। मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया आज पंचमी के अवसर पर माता रानी का विशेष श्रृंगार कर विशेष पूजा अर्चना किया गया सुबह से श्रद्धालुओ की भारी भीड़ मंदिर में लगी रही। बुधवार नवरात्र के पंचमी के अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाटीगढ़ मे सुबह से देर रात तक श्रध्दालुओ की अपार भीड़ माता की पूजा अर्चना करने पहुंचते रहे श्रध्दालु पैरी उद्गम के नीचे जहां ज्योति कक्ष में दर्शन कर पूजा अर्चना कर रहे है तो वहीं सैकड़ो की संख्या मे श्रध्दालु पहाड़ी के उपर स्थित मां पैरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर माता के विशेष श्रृंगार भी किये। क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में माता दुर्गा का विशेष पंचमी श्रृंगार कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। चौत्र नवरात्र के चलते पंचमी तिथि पर मां भगवती मंदिर, भाठीगढ़ सिध्देश्वर मंदिर, गायत्री मंदिर हरदीभाठा, मैनपुर, बाजाघाटी के देवी मंदिर, शिवशक्ति विकास समिति शिव मंदिर भाठीगढ़ के तत्वाधान मे श्री सिध्देश्वर महादेव, शीतला माता मंदिर, दंतेश्वरी माता, उदंती स्थित उदंतेश्वरी मंदिर, फूलझर स्थित मां भगवती मंदिर, मां कुलेश्वरी राउलगुढ़ी बारह पाली गादी ग्राम कुर्रूभाठा सहित क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में नवरात्र मे माता का विशेष पंचमी श्रृगार कर वैदिक वेद मंत्रेच्चार के साथ पूजा अर्चना किया गया। नवरात्रि पर्व के चलते अंचलों में भारी उत्साह व भक्ति मय वातावरण व्याप्त है।



online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411